

अक्टूबर–2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

*अन्दर के पृष्ठों पर...*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

### नवनिर्मित पुलिस मुख्यालय भवन का लोकार्पण

- दिनांक 02.09.2019 : मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ जी का श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने नवनिर्मित पुलिस मुख्यालय पर स्वागत किया। मा. मुख्य मंत्री जी ने वृक्षारोपण के बाद भवन का लोकार्पण किया। 9 मंजिला भवन के 4 टावरों में मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज, ई.ओ.डब्ल्यू., एण्टीकरप्शन, फायर सर्विस, तकनीकी सेवायें, विशेष जाँच, यातायात निदेशालय, प्रशिक्षण निदेशालय, लॉजिस्टिक, एस.आई.टी., राजकीय रेलवे पुलिस के मुख्यालय स्थापित हैं जिससे इकाईयों की कार्यदक्षता में वृद्धि हुई है। मा. मुख्यमंत्री जी ने लोक शिकायत शाखा का भ्रमण कर मौजूद शिकायतकर्ताओं से वार्ता की। प्रशिक्षण निदेशालय में 31 केन्द्रों पर स्थापित वर्चुअल क्लास रुम तथा जनपदों में प्रशिक्षण के नये–नये आयामों के बारे में जानकारी ली। प्रशिक्षण क्षमता में वृद्धि, लर्निंग मैनेजमेण्ट सिस्टम व डिज़ीटल कण्टेन्ट के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण देखा। मा. मुख्य मंत्री जी ने नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण/भ्रमण कर सी–प्लान एप, जो कम्युनिटी पुलिसिंग, आमजन से सीधा संवाद, बेहतर कानून–व्यवस्था, पुलिस से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण, पुलिस के कार्यों में जनता की महत्तम भागीदारी से सम्बन्धित है, उसका डिज़ीटल लोकार्पण किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2019 में इसके सफल परीक्षण के बाद यूपी 100 से एकीकरण व सदस्यता का निरन्तर परीक्षण एवं अद्यावधि करना प्रस्तावित है।

श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक ने मा. मुख्य मंत्री जी का धन्यवाद करते हुए इसे ऐतिहासिक दिन की संज्ञा दी क्यों कि वर्ष 1937 में प्रयागराज से लखनऊ स्थानान्तरित कैम्प कार्यालय ही पुलिस महानिदेशक मुख्यालय के रुप में कार्यरत था। श्री सिंह ने सरकारी सेवा में आने के समय से कम संसाधनों में पुलिसिंग किये जाने तथा कैम्प कार्यालय की सीमित जगह में कार्य करने, छोटे नियंत्रण कक्ष व सोशल मीडिया कक्ष का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 02 वर्षों में उ.प्र. सरकार द्वारा त्वरित रुप से धनराशि प्रदान करने के कारण Public Friendly, 7 रिक्टर स्केल तक भूकम्परोधी, एडवांस फायर फाइटिंग सिस्टम, बैंक, मेडीकल इमरजेन्सी सुविधा, कैण्टीन, Water recycling for landscaping, Video conferencing, इत्यादि सुविधाओं से युक्त पुलिस मुख्यालय बनकर तैयार हुआ है।

मा. मुख्य मंत्री जी ने भी इस दिन को सिविल पुलिस के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन बताया क्योंकि देश के सबसे बड़े पुलिस संगठन के पास 82 वर्षों से लखनऊ में अपना मुख्यालय नहीं था जिसे आज अपना अत्याधुनिक सुविधा से युक्त मुख्यालय प्राप्त हुआ है। मा. मुख्य मंत्री जी ने शासन की अपेक्षाओं के अनुरुप व्यवसायिक क्षमता बढ़ाते हुए स्वयं को साबित करना उ.प्र. पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारियों का दायित्व बताया तथा उल्लेख किया कि वर्ष 2019 में उ.प्र. पुलिस ने देश दुनिया के सामने अपनी व्यवसायिक दक्षता व कार्य क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया है। उ.प्र. पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई देते हुए प्रदेश में कानून के राज्य और सुशासन में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होने, ढाई वर्षों में कुशलतापूर्वक आम जनता में बेहतर माहौल बनाने की दिशा में उ.प्र. पुलिस के आगे बढ़ने व सुरक्षा की गारण्टी से ही उ.प्र. में निवेश बढ़ने का उल्लेख किया।

पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मा. मुख्य मंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।














## पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, जालौन का लोकार्पण

• दिनांक 01.09.2019 : मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ जी ने पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, जालौन का लोकार्पण कर शुभकामनाएँ दीं। प्रदेश में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा में पुलिस की महती भूमिका, वाराणसी में देश का 15वाँ अप्रवासी भारतीय दिवस व लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस की सराहना की तथा प्रत्येक मण्डल में फॉरेंसिक लैब बनाने हेतु कहा। मा. मुख्य मंत्री जी ने प्रशिक्षुओं को कहा कि जब वह यूनीफॉर्म में हों उनका एक ही धर्म होता है–आमजन की सुरक्षा तथा उनके



साथ न्याय करना। कार्यक्रम में मा. मंत्री, सांसद, वरिष्ठ प्रशासनिक/पुलिस अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मा. मुख्यमंत्री जी का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## जन कल्याण सेवाएँ

### महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध विषय पर बैठक

• दिनांक 11.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध/यौन शोषण विषय पर यूनिसेफ अधिकारियों/सहयोगियों बैठक की जिसमें सुश्री जलपा, चीफ फील्ड सर्विसेज़ यूनिसेफ, दिल्ली, श्री अमित मल्होत्रा, प्रोग्राम मैनेजर, लखनऊ, श्री आफ़ताब मोहम्मद, चाइल्ड प्रोटेक्शन विशेषज्ञ, श्री राम मनोहर मिश्रा, मॉनीटरिंग इवोल्यूशन विशेषज्ञ व अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में महिलाओं एवं बच्चों के प्रति घटित अपराधिक घटनाओं को रोकने एवं अभियुक्तों को सख्त सजा दिलाने हेतु अधिक प्रभावी कार्यवाही करने व ऐसी कार्यवाहियों की समीक्षा, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संयुक्त रुप से जागरुकता अभियान चलाने, आदि पर चर्चा की गयी।



## उपलब्धि : शौर्य सम्मान चिन्ह

• दिनांक 31.08.2019 : जनरल वी.के. सिंह, मा. राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, भारत सरकार ने श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., को शौर्य



सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया। एडीजी, लखनऊ ज़ोन, श्री एस.एन. साबत को कुम्भ मेला, प्रयागराज की सफल यातायात व्यवस्था तथा सिविल पुलिस, यातायात व अग्निशमन इकाईयाँ भी शौर्य सम्मान से सम्मानित की गयीं।

## स्टाफ का कल्याण

• दिनांक 26.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने सी.जी.एच.एस. अनुमन्य दरों पर पुलिस कार्मिकों को चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु निजी चिकित्सा प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।





• दिनांक 06.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा 8 पीएसी वाहिनियों में मास्टर कैण्टीन व 20 जनपदों में सब्सिडियरी कैण्टीन लोकार्पित कीं।



• भर्ती: दिनांक 20.09.2019 : कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–ए के 666, उप निरीक्षक ना.पु. के 685 व प्लाटून कमाण्डर, पीएसी के 84 रिक्त पदों पर चयन का परिणाम घोषित।

## सराहनीय कार्य

• दिनांक 27.09.2019 : उ.प्र. सतर्कता अधिष्ठान ने अयोध्या के सीएमओ को आवास पर रु. 20,000.00 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

• दिनांक 23.09.2019 : गाज़ियाबाद से 2 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के लगभग रु. 5 लाख के सोने–चाँदी के आभूषण, आदि बरामद।

• दिनांक 21.09.2019 : सम्भल से 2 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के ट्रैक्टर पार्टस; इन्जन–20, रिम–50, पिछला एक्सल–85, अगला एक्सल–14, गेयर बाक्स–12, चेसिस–22, आदि बरामद।

• दिनांक 19.09.2019 : चित्रकूट में रु. 1 लाख का इनामी अपराधी बबुली गैंग का सदस्य गिरफ्तार, 2 थर्टी स्प्रिंग फील्ड सेमी–ऑटोमेटिक रायफल, 1 फैक्ट्री मेड रायफल, आदि बरामद।

• दिनांक 15.09.2019 : बाराबंकी से 5 चोर मय चोरी के 63 इस्पात क्रेश बैरियर गिरफ्तार।

• दिनांक 14.09.2019 : गाज़ियाबाद से 3 अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 15 लाख का घरेलू सामान, 2 वाहन, 1 कैन्टर, आदि बरामद।

• दिनांक 11/12.09.2019 : इटावा में 6 अभियुक्त चोरी के 4 कुन्तल एल्यूमीनियम तार,1 लोडर, 1 मारुति कार, आदि सहित गिरफ्तार।

• दिनांक 10.09.2019 : सम्भल में 5 अभियुक्त मय चोरी की 52 मोटर साइकिल गिरफ्तार।

• दिनांक 06.09.2019 : जौनपुर से 8 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का ट्रक मय रु. 7,25,000.00 की सरिया, नकदी, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद तथा एटा में 2 लुटेरे गिरफ्तार, लूट के लगभग रु. 16,00,000.00 के 148 नग रेफ्रिजरेटर, आदि बरामद।

• दिनांक 03.09.2019 : अमरोहा में 4 लुटेरे गिरफ्तार, रु. 5 लाख नकद, आग्नेयास्त्र, इत्यादि बरामद।

## उल्लेखनीय कार्य

## एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| | | | 13.09.19 | झाँसी | 01 |
| 29.09.19 | मथुरा | 01 | 12.09.19 | गुजरात | 02 |
| 24.09.19 | पीलीभीत | 01 | 11.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 20.09.19 | अम्बेडकरनगर | 01 | 10.09.19 | उत्तराखण्ड | 01 |
| 17.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 07.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 28.09.19 | मुम्बई | 01 | 19.09.19 | प्रयागराज | 01 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ (गाँजा) | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 30.09.19 | हरदोई | –– | 25 क्विंटल डोडा | 35 लाख | 01 |
| 24.09.19 | लखनऊ | 830 | –– | –– | 06 |
| 16.09.19 | वाराणसी | –– | 697कि .ग्रा.गाँजा | 35 लाख | 02 |
| 07.09.19 | जौनपुर | –– | 132 कि.ग्रा.गाँजा | 45 लाख | 03 |
| 03.09.19 | अयोध्या | –– | 1135कि.ग्रा.गाँजा | 4.5 करोड़ | 03 |

• दिनांक 27.09.2019 : प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती में धांधली एवं नकल कराने वाले अन्तर्प्रान्तीय गिरोह के 5 सदस्य प्रयागराज से गिरफ्तार, परीक्षाओं में नकल कराने सम्बन्धी उपकरण, अभिलेख एवं विभिन्न धनराशियों के 'चेक' बरामद तथा सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाला वाराणसी से गिरफ्तार।

• दिनांक: 24.09.2019 : उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद् की फर्जी 'वेबसाइट' (www.upbme.org) बना Backend 'कोडिंग' कर वेबसाइट विज़िटर्स द्वारा लिंक को क्लिक करने पर Youtube पर बनाये Ishanllb नामक चैनल को Subscribe कराने वाला अभियुक्त दिल्ली से गिरफ्तार।

• दिनांक: 23.09.2019 : बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी/दूसरे के शैक्षिक प्रमाण–पत्रों पर सहायक अध्यापक पद पर नौकरी कर रहे 1 अध्यापक व 'स्टेनो' सहित 05 व्यक्ति गोरखपुर से गिरफ्तार तथा सन्तकबीरनगर से गुमशुदा/अपहृत रामगोपाल त्रिपाठी की हत्या का अनावरण, 2 अपराधी गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त वाहन, आदि बरामद।

• दिनांक 21.09.2019 : प्रयागराज में लूट व डकैती कारित करने से पूर्व 4 अपराधी गिरफ्तार।

• दिनांक 19.09.2019 : मा. मंत्रीगण/उच्चाधिकारीगण, उ.प्र. सरकार का निजी सचिव /ओ.एस.डी. बनकर ''फ्राड'' करने वाला ठग लखनऊ से गिरफ्तार तथा दिनांक 11.12.2016 को प्रतापगढ़ के ग्राम प्रधानपति राजेश सिंह की हत्या में 3 वर्ष से फरार रु. 25,000.00 का इनामी गिरफ्तार।

• दिनांक 06.09.2019 : फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी करने वाला नाईजीरियन गैंग का सरगना दिल्ली से गिरफ्तार।

• दिनांक 05.09.2019 : कूटरचित करेन्सी तैयार कर सप्लाई करने वाले गैंग के सरगना व 4 सदस्य करेन्सी सहित आगरा से गिरफ्तार, रु. 35,000.00 नकद, उपकरण/सामग्री बरामद।

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद / प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद / प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 1,00,000.00 | | | | | |
| | | | 19.09.19 | चित्रकूट | 01 |
| 23.09.19 | चित्रकूट | 01 | 17.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| 18.09.19 | आजमगढ़ | 01 | 11.09.19 | मेरठ | 02मुत्यु |
| 15.09.19 | बाराबंकी | 01 | 04.09.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| इनाम (रु.) : 40,000.00 | | | | | |
| | | | 30.09.19 | शामली | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| | | | 17.09.19 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 30.09.19 | एटा | 01 | 16.09.19 | एटा | 02 |
| 29.09.19 | आगरा | 01 | 15.09.19 | बाराबंकी | 01 |
| 29.09.19 | अमरोहा | 01 | 13.09.19 | बाराबंकी | 01 |
| 28.09.19 | एटा | 01 | 13.09.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 27.09.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 12.09.19 | सहारनपुर | 01 |
| 27.09.19 | देवरिया | 04 | 12.09.19 | मेरठ | 01 |
| 27.09.19 | कानपुरनगर | 01 | 12.09.19 | वाराणसी | 01 |
| 27.09.19 | बागपत | 01 | 12.09.19 | एटा | 01 |
| 26.09.19 | बागपत | 01 | 11.09.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 26.09.19 | कौशाम्बी | 01 | 11.09.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 25.09.19 | बाराबंकी | 01 | 11.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 24.09.19 | एटा | 01 | 09.09.19 | एटा | 01 |
| 24.09.19 | सन्तकबीरनगर | 01 | 08.09.19 | मथुरा | 01 |
| 23.09.19 | एटा | 01 | 08.09.19 | एटा | 01 |
| 23.09.19 | रामपुर | 01 | 08.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 22.09.19 | आजमगढ़ | 01 | 07.09.19 | एटा | 01 |
| 22.09.19 | अमरोहा | 01 | 07.09.19 | गाज़ियाबाद | 03 |
| 22.09.19 | बरेली | 03 | 06.09.19 | इटावा | 01 |
| 22.09.19 | मथुरा | 02 | 05.09.19 | मथुरा | 01 |
| 21.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 05.09.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 21.09.19 | कानपुरनगर | 01 | 04.09.19 | मेरठ | 01 |
| 20.09.19 | आजमगढ़ | 02 | 04.09.19 | देवरिया | 02 |
| 20.09.19 | एटा | 03 | 04.09.19 | कानपुरनगर | 01 |
| 20.09.19 | सम्भल | 01 | 04.09.19 | मैनपुरी | 04 |
| 20.09.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 03.09.19 | मथुरा | 01 |
| 19.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 | 03.09.19 | प्रतापगढ़ | 02 |
| 19.09.19 | रायबरेली | 01 | 03.09.19 | मेरठ | 04 |
| 18.09.19 | मुरादाबाद | 01 | 02.09.19 | मथुरा | 01 |
| 17.09.19 | मथुरा | 01 | 01.09.19 | हरदोई | 01 |
| 17.09.19 | जालौन | 01 | 01.09.19 | प्रतापगढ़ | 02 |
| 17.09.19 | एटा | 01 | 31.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| | | | 24.09.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 30.09.19 | बुलन्दशहर | 01 | 15.09.19 | कानपुर देहात | 02 |
| 29.09.19 | अम्बेडकरनगर | 01 | 07.09.19 | अमरोहा | 01 |
| 29.09.19 | संतकबीरनगर | 01 | 04.09.19 | देवरिया | 01 |
| 27.09.19 | सम्भल | 01 | 04.09.19 | कानपुरदेहात | 02 |
| 26.09.19 | बरेली | 01 | 03.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 24.09.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 02.09.19 | बाराबंकी | 02 |
| 24.09.19 | एटा | 01 | 01.09.19 | बाराबंकी | 02 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| | | | 14.09.19 | कानपुर देहात | 02 |
| 30.09.19 | एटा | 01 | 13.09.19 | मुज़फ्फरनगर | 02 |
| 21.09.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 13.09.19 | कन्नौज | 01 |
| 16.09.19 | बुलन्दशहर | 01 | 12.09.19 | वाराणसी | 01 |
| 15.09.19 | मथुरा | 01 | 05.09.19 | मुरादाबाद | 01 |
| 14.09.19 | सहारनपुर | 01 | 02.09.19 | कुशीनगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 10,000.00 | | | इनाम (रु.) : 5,000.00 | | |
| 29.09.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 31.08.19 | संतकबीरनगर | 01 |
| 28.09.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | | | |
| 02.09.19 | गाज़ियाबाद | 01 | | | |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 29.09.19 | मथुरा | –– | 40कि.ग्रा.गाँजा | 4 लाख | 01 |
| 29.09.19 | सहारनपुर | 816 | –– | 70 लाख | 02 |
| 29.09.19 | बरेली | –– | 360ग्रा. मॉर्फीन | 35 लाख | 01 |
| 28.09.19 | बाराबंकी | –– | 100ग्रा. मॉर्फीन | 30 लाख | 01 |
| 28.09.19 | देवरिया | 870 | –– | 68 लाख | 03 |
| 27.09.19 | बाराबंकी | –– | 100ग्रा. मॉर्फीन | 30 लाख | 01 |
| 27.09.19 | बरेली | 345 | –– | 25 लाख | 02 |
| 26.09.19 | देवरिया | 156 | –– | 13.6लाख | 01 |
| 26.09.19 | मुज़फ्फरनगर | 35 | 350ग्रा.चरस | –– | 05 |
| 25.09.19 | औरैया | 577 | –– | 50 लाख | –– |
| 24.09.19 | गाज़ियाबाद | –– | 1300ग्रा. हेरोईन | 2.5 करोड़ | 02 |
| 23.09.19 | बुलन्दशहर | 180 | –– | 5 लाख | 01 |
| 22.09.19 | बाराबंकी | –– | 200ग्रा. मॉर्फीन | 60 लाख | 01 |
| 21.09.19 | गाज़ियाबाद | –– | 1100ग्रा. चरस | 1 करोड़ | 01 |
| 21.09.19 | बाराबंकी | –– | 30ग्रा. मॉर्फीन | 10 लाख | 01 |
| 20.09.19 | खीरी | –– | 15कि.ग्रा. चरस, 1कि.ग्रा. हशीश | 80 लाख | 01 |
| 19.09.19 | बाराबंकी | –– | 200ग्रा. मॉर्फीन | 60 लाख | 01 |
| 19.09.19 | एटा | 250 | –– | 7.5 लाख | 01 |
| 17.09.19 | एटा | 90 | –– | 5.5 लाख | 02 |
| 17.09.19 | उन्नाव | 2800 | –– | 125 लाख | 02 |
| 16.09.19 | एटा | 370 | –– | 12 लाख | 01 |
| 16.09.19 | गौतमबुद्धनगर | 1000 | –– | 35 लाख | 01 |
| 14.09.19 | लखनऊ | –– | 120ग्रा. मॉर्फीन | 12लाख | 02 |
| 14.09.19 | मैनपुरी | 310 | –– | 30 लाख | 03 |
| 13.09.19 | सहारनपुर | 1200 | –– | 50 लाख | 02 |
| 09.09.19 | एटा | 198 | –– | 14 लाख | 01 |
| 09.09.19 | बाराबंकी | –– | 30ग्रा. मॉर्फीन | 8लाख | 01 |
| 09.09.19 | मिर्जापुर | –– | 1092कि.ग्रा. गाँजा | –– | 01 |
| 08.09.19 | एटा | 900 | –– | 27 लाख | 02 |
| 08.09.19 | बरेली | –– | 2कि.ग्रा. अफीम | 1 करोड़ | 01 |
| 07.09.19 | देवरिया | 876 | –– | 68 लाख | 01 |
| 06.09.19 | हरदोई | 560 | –– | 20 लाख | 04 |
| 05.09.19 | वाराणसी | 228 | –– | 20 लाख | 02 |
| 05.09.19 | सहारनपुर | –– | 500ग्रा. चरस | –– | 01 |
| 05.09.19 | कानपुरदेहात | 1165 | –– | 2.7 करोड़ | 02 |
| 02.09.19 | चन्दौली | 1000 | –– | 45 लाख | 06 |
| 01.09.19 | बाराबंकी | –– | 300ग्रा. मॉर्फीन | 90 लाख | 01 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद मेरठ, बहराइच, कानपुर नगर, गौतमबुद्धनगर, अमरोहा, प्रतापगढ़, बाराबंकी, बदायूँ, गाज़ियाबाद, एटा, मुज़फ्फरनगर, बलिया, मथुरा, फतेहगढ़, सम्भल, आजमगढ़, जौनपुर, मिर्जापुर, बुलन्दशहर, जालौन, चन्दौली, बागपत, कुशीनगर, श्रावस्ती, सहारनपुर, गोण्डा, हाथरस, सुल्तानपुर, शाहजहाँपुर, इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

### अवैध अस्त्र/शस्त्रों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | अस्त्र / शस्त्र | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 29.09.19 | हरदोई | 9 तमंचे, आदि | 02 |
| 28.08.19 | मेरठ | 5 तमंचे, 3 देशी बन्दूक, आदि | 05 |
| 25.09.19 | कानपुरनगर | 8 तमंचे, आदि | 02 |
| 21.09.19 | शाहजहाँपुर | 4 तमंचे, 1 देशी बन्दूक, आदि | 02 |
| 15.09.19 | हरदोई | 14 तमंचे, 1 देशी रायफल, आदि | 04 |
| 02.09.19 | हरदोई | 8 तमंचे, 1 देशी बन्दूक, आदि | 02 |
| 31.08.19 | मेरठ | 9 तमंचे, 1 देशी पिस्टल, आदि | 03 |

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालाध्यक्ष, एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी / एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न डीजी परिपत्रों द्वारा निर्देश निर्गत किये हैं–

1) संख्या–45 / 2019 दिनांक 29.09.2019 : आस–पास स्वच्छ रखते हुए प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के परित्याग हेतु,
2) संख्या–44 / 2019 दिनांक 28.09.2019 : एक ही घटना के सम्बन्ध में जनपद में एक से अधिक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने सम्बन्धी,
3) संख्या–43 / 2019 दिनांक 26.09.2019 : भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण सम्बन्धी,
4) संख्या–42 / 2019 दिनांक 26.09.2019 : यातायात का निर्बाध संचालन एवं सड़क अनुशासन की बेहतरी सम्बन्धी,
5) संख्या–41 / 2019 दिनांक 25.09.2019 : दोषसिद्ध अभियुक्तों के विरुद्ध मा. उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में निर्गत गैर जमानतीय वारण्ट के निष्पादन सम्बन्धी,
6) संख्या–40 / 2019 दिनांक 20.09.2019 : मा. उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्याः 26758 / 2019 के क्रम में वाहनों के चालान 3 दिवस में मा. न्यायालय में भेजे जाने सम्बन्धी,
7) संख्या–39 / 2019 दिनांक 13.09.2019 : बच्चा चोरी की अफवाहों से अर्धविक्षिप्त व्यक्तियों के हताहत होने की घटनाओं की रोकथाम सम्बन्धी, एवं
8) संख्या–38 / 2019 दिनांक 05.09.2019 : पुलिस कर्मियों द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन सम्बन्धी।

## अन्य निर्देश

- दिनांक 30.09.2019 : बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य हेतु।
- दिनांक 24.09.2019 : लखनऊ की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने हेतु पुलिस मुख्यालय तथा लखनऊ के अधिकारियों की समीक्षा बैठक व निर्देश।
- दिनांक 23.09.2019 : दिनांक 29.09.2019 से प्रारम्भ नवरात्रि, दुर्गापूजा त्यौहार पर समुचित सुरक्षा / पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश।
- दिनांक 18.09.2019 : पटाखे / आतिशबाजी विक्रेताओं द्वारा उनको प्रदत्त लाइसेंस में निर्धारित शर्तों का उल्लंघन किए जाने के कारण जनहानि के साथ चल व अचल सम्पत्ति की भारी क्षति जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आतिशबाजी की दुकानों के अस्थाई / स्थाई लाइसेंस धारकों के सम्बन्ध में समय–समय पर इस मुख्यालय एवं शासन से निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश।
- दिनांक 17.09.2019 : गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत गंगा नदी के आस–पास के जनपदों को राहत एवं बचाव कार्य हेतु पूर्व निर्गत निर्देशो के क्रम में पुनः निर्देश।
- दिनांक 09.09.2019 : वयस्क / बालिग युवक / युवतियों द्वारा स्वेच्छा से विवाह किये जाने के प्रकरणों में मा. उच्चतम / उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्देशों के क्रम में निर्गत शासनादेश के सम्बन्ध में निर्देश।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा दिये गये निर्देश-

- दिनांक 05.09.2019 : पुलिस कर्मियों के मानसिक अवसाद एवं तनाव जैसी समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में निर्देश।

### आम जनमानस में पुलिस की छवि एवं उनकी पुलिस से अपेक्षाओं पर आधारित शोध के परिणाम

- विगत ढाई वर्षों में उ.प्र. पुलिस के फुट पेट्रोलिंग, एन्टी–रोमियो स्क्वॉड, व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ, सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा, राजमार्गों पर सघन पेट्रोलिंग, दुर्दान्त अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही, अपराधियों के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस नीति के साथ–साथ

आमजन के साथ अच्छा व्यवहार करने, उनको सुगमता से पुलिस सेवायें प्रदान करने तथा उनकी समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान करने के प्रयासों से जनता में सुरक्षा भावना की जागृति तथा भविष्य की अपेक्षाओं को समझने हेतु मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने खुली चयन प्रक्रिया से चयनित PricewaterhouseCoopers (PwC) द्वारा आबद्ध सर्वेक्षण संस्था से नवम्बर 2018 से मार्च 2019 तक 9 जनपदों के 44 शहरी/ग्रामीण थानों के 3,625 व्यक्तियों से करायी गयी 'Impact Assessment Study' के मुख्य निष्कर्ष निम्न हैं–

| | अध्ययन बिन्दु | संकेतक | % |
|---|---|---|---|
| 1. पुलिस की छवि | सेवा की गुणवत्ता | संतोषजनक, अच्छी या अति उत्कृष्ट | 77 |
| | व्यक्तिगत सुरक्षा | साल भर पहले से अधिक सुरक्षित | 85 |
| | सार्वजनिक सुरक्षा | सार्वजनिक स्थल अधिक सुरक्षित | 81 |
| | | राजमार्ग पहले से अधिक सुरक्षित | 72 |
| | व्यापार सुरक्षा | साल भर से अधिक सुरक्षित | 70 |
| | रात्रि में सुरक्षा | पहले से अधिक सुरक्षित | 68 |
| | महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों की सुरक्षा | व्यक्तिगत रूप से पहले से अधिक सुरक्षित (महिलाएँ) | 87 |
| | | जनपद पहले से अधिक सुरक्षित (महिलाएँ) | 83 |
| | | बच्चों के प्रत्येक अपराध में विगत वर्ष से कमी | 76 |
| | | वरिष्ठ नागरिकों के साथ घटित अपराधों में विगत वर्ष में कमी | 82 |
| 2. पुलिस से अपेक्षायें | अच्छे पुलिस अधिकारी के गुण | ईमानदारी | 82 |
| | | विनम्रता | 65 |
| | | निष्ठा | 56 |
| | | सहानुभूति | 35 |
| 3. पुलिसिंग सुदृढ़ करने के सुझाव | सार्वजनिक स्थलों पर | और अधिक पुलिस बल की तैनाती | 61 |
| | पुलिस परियोजनाएँ | बेहतर जानकारी देना चाहिये | 42 |
| | महिला कर्मियों का व्यवस्थापन | अधिक होना चाहिये | 40 |
| 4. कुम्भ मेला 2019 की व्यवस्थाएँ | पुलिस की दृश्यता | अच्छा अथवा बहुत अच्छा | 93 |
| | सतर्कता | सतर्क अथवा अत्यधिक सतर्क | 91 |
| | पुलिस का व्यवहार | अच्छा अथवा बहुत अच्छा | 87 |
| | यातायात और भीड़ प्रबन्धन | अच्छा अथवा बहुत अच्छा | 75 |
| 5. विगत कुम्भ मेले की तुलना में व्यवस्थाएँ | पुलिस की मौजूदगी | पहले से बेहतर | 97 |
| | सतर्कता | पहले से बेहतर | 95 |
| | पुलिस का व्यवहार | पहले से बेहतर | 92 |
| | यातायात एवं भीड़ प्रबन्धन | पहले से बेहतर | 85 |

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण

- दिनांक 04.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने थाना मसौली, बाराबंकी में थाना कार्यालय व सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण किया। उपनिरीक्षकों से पुलिस विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट की जानकारी की। एप्लीकेशन जैसे त्रिनेत्र, आदि डाउनलोड करने हेतु निर्देश दिये। थाने पर पायलट प्रोजेक्ट के साप्ताहिक रिज़र्व रजिस्टर का अवलोकन किया। रिज़र्व डे के 4 कार्मिकों से वार्ता की। साफ–सफाई अच्छी व कर्मी अनुशासित मिले।




## विविध

- सेवानिवृत्ति : दिनांक 30.09.2019 : श्री सत्येन्द्र कुमार कौल, एडीजी एवं श्री शरद सचान, आईजी को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी।
- घायल की मदद : दिनांक 30.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्रातः कार्यालय आते समय रास्ते में घायल स्कूटी सवार युवती को सड़क किनारे से सरकारी वाहन से प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भेजा व परिजनों को सूचित कराया।



- 58वीं उ.प्र.पु. वार्षिक तैराकी एवं क्रासकन्ट्री प्रतियोगिता 2019 का समापन : दिनांक 28.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ के तरणताल में सम्पन्न तैराकी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।





- 34 पुलिस मॉडर्न स्कूल प्रबन्धकों के साथ बैठक : दिनांक 26.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र./अध्यक्ष पुलिस शिक्षा समिति, ने 34 पुलिस मॉडर्न स्कूल प्रबन्धकों की बैठक में समस्याएँ जानकर निराकरण के निर्देश दिये।
- भ्रष्टाचार पर सतर्क दृष्टि : दिनांक 26.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के दृष्टिगत डी.जी.पी. नियंत्रण कक्ष से सतर्क दृष्टि रखने, समयबद्ध अनुश्रवण, गलत शिकायत पर शिकायतकर्ता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही, शिकायतकर्ता को वस्तुस्थिति/परिणाम से अवगत कराने, साप्ताहिक समीक्षा, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, आई.जी.आर.एस., यूपी 100, सोशल मीडिया सेल आदि स्त्रोतों से प्राप्त शिकायतों को भ्रष्टाचार निवारण संगठन से तार्किक निष्पत्ति तक ले जाने के निर्देश दिये।

| ट्रैप प्रकरण | वर्ष 2014 | वर्ष 2018 | वर्ष 2019 |
|---|---|---|---|
| | 14 | 80 | 72 |

- अपराध, कानून व्यवस्था एवं पुलिस प्रबन्धन बैठक : दिनांक 25.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने ज़ोनल एडीजी एवं पुलिस मुख्यालय के एडीजी के साथ बैठक कर निर्देश दिये।




- कल्याण : दिनांक 24.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., ने सामाजिक कल्याण हेतु होप वेलफेयर संस्था (ग्रीन ग्रुप) से भेंट कर सामाजिक कल्याण एवं नारी सशक्तीकरण कार्यों का प्रस्तुतीकरण देखा।
- उ.प्र. पुलिस रेडियो मुख्यालय पर विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम: दिनांक 17.09.2019: श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. विश्वकर्मा पूजा में सम्मिलित हुए।




- बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक : दिनांक 17.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने आरबीआई के जनरल मैनेजर, ऑपरेशन, श्री पंकज कुमार व बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैंको की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर संवाद किया।
- राज्य अभियोजन सेवा के अभियोजकों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न : दिनांक 16.09.2019: श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. व श्री अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव, गृह, उ.प्र. शासन ने E-Prosecution Systemको उ.प्र. में लागू करने हेतु अभियोजकों के प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जिसमें ICJS System and E-Prosecution System, Daily under trial entries, Court affair entries, इत्यादि का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया।




- एक्स्ट्रापावर फ्लीट कार्ड योजना का शुभारम्भ : दिनांक 16.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., ने 10 जनपदों में एक्स्ट्रापावर फ्लीट कार्ड योजना का शुभारम्भ किया।
- तटवर्ती सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक : दिनांक 13.09.2019: श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. (चेयरमैन) द्वारा आहूत द्वितीय तटवर्ती सुरक्षा समन्वय समिति के पदाधिकारियों की बैठक में एडीजी, कानून–व्यवस्था, आईजी, अपराध, श्री वी.के. रवि, Advisor (Security), IOCL, श्री अरुण कुमार गंजू, ED, UPSO-I, IOCL, श्री संजय मल्होत्रा, CGM, Retail, सहित IOCL, HP, BP, ONGC, GAIL के पदाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण ने भाग लिया। बैठक में तेल कम्पनियों की पाइप लाइन गुजरने वाले जनपदों के अधिकारियों को सुरक्षा के निर्देश दिये।

- राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की गोष्ठी: दिनांकः 13.09.2019: श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की अध्यक्षता में पंचम त्रैमासिक गोष्ठी सम्पन्न हुई।
- पी.पी.एस. एसोसिएशन की पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के साथ बैठक : दिनांक 12.09.2019 : बैठक में पी.पी.एस. संवर्ग के कैडर रिव्यू, वर्दी भत्ता की अवधि, डीपीसी शीघ्र कराने विषयक माँगों पर पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यवसायिक दक्षता बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करते हुये समस्याओं पर सकारात्मक कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया।
- व्यायामशाला एवं 'अवनि' प्रेक्षागृह का उद्घाटन : दिनांक 11.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय में व्यायामशाला व 'अवनि प्रेक्षागृह' का उद्घाटन किया।


- मानवीयता : दिनांक 09.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने सड़क किनारे घायल पड़ी युवती को अस्पताल भेजकर उपचार कराया व युवती के परिजनों को सूचित कराया।
- चालान: दिनांक 09.09.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मोटर साइकिल यूपी 32जीडी2045 पर बिना हेल्मेट सवार तीन युवकों का यातायात नियमों के उल्लघंन पर वाहन चालक सलाउद्दीन के नाम चालान कराया।

निर्देशन : श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री श्रीश्चन्द्र, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण : प्रतियाँ–3500